# केंद्र से एक हजार करोड़ रुपये मांगे

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से मिले उद्यानिकी मंत्री कुशवाह

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 7 जनवरी. उद्यानकी एवं प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में एक हजार करोड़ रुपये बजट आवंटित करने का अनुरोध किया है. केन्द्रीय मंत्री चौहान ने प्रदेश को भरपूर मदद देने की सहमति दी है.**

कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश उद्यानिकी के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बन गया है. वर्ष 2005 में उद्यानिकी का रकबा मात्र 04 लाख हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 28 लाख हेक्टेयर हो गया. इसे



आगामी 3 वर्षों में बढ़ाकर 33 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है.

मप्र शासन ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें उद्यानिकी के रकबे में 1.5 लाख हेक्टेयर की वृद्धि, सूक्ष्म सिंचाई में एक लाख हेक्टेयर, भंडारण क्षमताओं में एक लाख मीट्रिक टन की वृद्धि के साथ मखाना की खेती को प्रदेश में नवाचार के रूप में लिया जा रहा है.

क्लस्टर आधारित फसलों में केला, संतरा, आलू, प्याज, लहसुन, मिर्च के साथ ब्ल्यू बैरी, डचरोज आदि फसलों को बढ़ावा देने का भी लक्ष्य रखा गया है. गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, यंत्रीकरण, उत्पादित माल का मूल्य संवर्धन भी राज्य सरकार का लक्ष्य है.

## हंगामा के बीच नगर पालिका की बैठक में 65 प्रस्ताव पारित

**सिरोंज.** नगरपालिका कार्यालय में बुधवार को आयोजित नगर पालिका परिषद की बैठक में जमकर हंगामा बरपा. बैठक के दौरान पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने उनकी सुनवाई ना होने तथा उनके वार्ड में विकास कार्य में भेदभाव का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताते हुए एजेंडे की कापी को फाड़कर अध्यक्ष की ओर फेंक दिया. बैठक के दौरान पार्षदों के बीच जमकर बहस होती दिखी. वही नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ ने पार्षद के इस व्यवहार पर नियम अनुसार कार्रवाई करने की बात कही. बैठक में भारी हंगामा के बीच सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बैठक के विषय पड़े. जिसके बाद बैठक में हंगामा के बीच पार्षदों ने 65 प्रस्ताव को स्वीकृत कर दिया.




## महापौर ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**भोपाल, 7 जनवरी. महापौर मालती राय ने बुधवार को अंकुर मैदान में महर्षि मैत्री मैच श्रृंखला सत्रम-6 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया.**

इस दौरान आयोजन समिति वैदिक ब्राह्मण खेल युवा कल्याण समिति भोपाल द्वारा महापौर राय का सम्मान भी किया गया. इस अवसर पर परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजौरिया, समाज सेवी राकेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं आयोजन समिति के सदस्यगण मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि स्पर्धा में धोती-कुर्ता पहनकर खिलाड़ियों ने क्रिकेट खेला था.

# पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना को पांच वर्ष तक जारी रखे केंद्र

▸ मंत्री कुशवाह ने केंद्रीय मंत्री पासवान को दिया प्रस्ताव

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 7 जनवरी. उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात कर प्रदेश में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना को आगामी 5 वर्षों तक निरंतर रखे जाने का प्रस्ताव सौपा है.**

मंत्री कुशवाह ने बताया कि मप्र प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी राज्य है. मप्र में महिला, कृषकों और युवाओं को उद्यम योजनाओं से जोड़ने के लिये रिकार्ड 12 हजार से अधिक प्रकरण स्वीकृत किये गये है.

कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना की सफलता और इसके प्रति रूझान को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार योजना के तहत उद्यमियों को दी जाने वाली अनुदान सहायता राशि को 35 प्रतिशत से बढ़ाकर एमएसएमई योजनाओं की तरह 40 से 50 प्रतिशत किये जाने का अनुरोध भी किया.

# खराब बीज से 30 गांवों के किसानों की धान चौपट

## किसानों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, बायर कंपनी पर कार्रवाई की मांग

**सिलवानी, 7 जनवरी. बायर (प्राइवेट) बीज कंपनी की धान की 8433 वैरायटी को लेकर सिलवानी तहसील में किसानों का गुस्सा अब उबाल पर है. कथित खराब बीज से फसल तबाह होने और मुआवजा नहीं मिलने से नाराज 30 गांवों के करीब 1000 किसानों ने बुधवार को प्रशासन को खुली चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निष्पक्ष सर्वे कराकर मुआवजा नहीं दिया गया तो वे चक्काजाम, धरना-प्रदर्शन, उग्र जन आंदोलन और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करेंगे.**

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सिलवानी अजय पटेल की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने



तहसीलदार सुधीर शुक्ला को कलेक्टर रायसेन के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के साथ किसानों ने बीज खरीदी के पक्के बिल, पूर्व सर्वे रिपोर्ट और कुछ किसानों के खातों में आई राहत राशि की प्रमाणित प्रतियां भी संलग्न कीं.

> किसानों का आरोप है कि करीब 6 माह पहले बायर कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए धान बीज (8433 वैरायटी) से फसल में बांझपन रोग फैल गया, जिससे उत्पादन बेहद कम रहा. इसका असर करीब 5000 हेक्टेयर में बोई गई धान पर पड़ा और लगभग 70 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई.

### सिर्फ एक गांव का सर्वे

किसान अंकित रघुवंशी, महेश सिंह, जगदीश आदिवासी, मानसिंह रघुवंशी सहित अन्य ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय कृषि जांच दल (आईसीआर टीम) सिलवानी पहुंचा था. टीम ने देवरी मड़िया पंचायत के खेतों का निरीक्षण कर धान में बांझपन रोग की पुष्टि भी की, लेकिन जांच सिर्फ एक गांव तक सीमित रही. अन्य प्रभावित गांवों में न तो सर्वे हुआ और न ही किसानों को सूचना दी गई.




# भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**बैरसिया, 7 जनवरी. प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी के आह्वान पर बुधवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव राजकुमार सुंदरलाल केवट के नेतृत्व में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से हुई 17 लोगों मौत मामले पर बैरसिया नगर के रेंज चौराहा पर कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की.**

इस मौके पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा, आफरीन खान, राधा रैकवार, लोकेश दांगी जिला अध्यक्ष सेवादल, नरेंद्र शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मदन ठाकुर, अब्दुल हनीफ खान, रमेश यादव, हेमराज यादव, दुष्यंत परतानी, शिवनारायण गुर्जर, लोकेश यादव पूर्व पार्षद, वाहिद अली, पीसी साहू, हीरालाल सिसोदिया, चंदू यादव, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता मौजूद थी.

## विकास कार्यों के वादा खिलाफी को लेकर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**सारनी.** मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड सारनी पर ग्राम पंचायत धसेड़ के ग्रामीणों ने आश्वासन के अनुरूप विकास कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्लांट सारनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता से मुलाकात कर गोदग्राम धसेड़ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया साथ ही ग्रामीणों ने मुख्य अभियंता सतपुड़ा ताप गृह सारनी के नाम अतिरिक्त मुख्य अभियंता को पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत धसेड़ में स्टॉप डेम निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण और राख बांध के रास्ते धसेड़ व बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की है।

# वकील पर हुए हमले के आरोपियों को गिरफ्तार करो

## अभिभाषक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**बैरसिया, 7 जनवरी. बैरसिया अभिभाषक संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता आनर सिंह चौहान पर 11 दिसंबर 2025 को असामाजिक तत्वों द्वारा आंखों में मिर्ची झोंककर चाकू से हमला कर दिया था.**

पुलिस द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी न करने से आक्रोशित अभिभाषक संघ बैरसिया के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में एकत्रित अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री एवं डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार दीपक चौरसिया को तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा. अभिभाषक संघ के अध्यक्ष जितेंद भटनागर ने बताया की ग्राम अर्रावती निवासी वरिष्ठ वकील अनार सिंह चौहान जब



गांव अर्रावती से न्यायालय आ रहे थे, तभी रास्ते में असामाजिक तत्वों ने उनकी आंखों में मिर्ची झोंककर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया था. बैरसिया पुलिस ने अपराध क्रमांक 656/2025 अंतर्गत सामान्य धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया. लेकिन फरियादी वकील चौहान ने आरोपियों की नामज़द एफआइआर दर्ज कराई थी. बावजूद पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की गई. इस आशय का एक आवेदन उन्होंने अभिभाषक संघ को भी दिया था. अभिभाषक संघ ने मामले की गम्भीरता देखकर उक्त घटना की जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से कराने आरोपियों की कॉल डिटेल, सीडीआर और गवाहों के बयान निष्पक्ष तौर से लेकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर की है. अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाषचंद्र जैन, अब्दुल हनीफ खान, रामसहाय रजक, कन्हैयालाल कुशवाह, ब्रजेश सक्सेना, तारिक खान, गायत्री ठाकुर, कपिल सोनी, नितेश सक्सेना, डालचंद कुशवाह, धनराज दांगी, नीरज धाकड़ सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे.

## आईटीआई की छात्राओं ने किया हाईवे जाम

**सीहोर.** बीच सड़क पर बैठकर नारेबाजी कर रही छात्राओं का लहजा देखकर प्रतीत हो रहा था कि वह लंबे समय से अव्यवस्थाओं से जूझकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर थीं. एक दिन पहले जनसुनवाई में दिए गए ज्ञापन का भी जब कोई असर नहीं हुआ तो बुधवार को वह सड़कों पर उतर आईं. हाईवे को जाम करते हुए उन्होंने प्रशासन को उनकी बात सुनने को बाध्य कर दिया. लगभग एक घंटे तक हाईवे पूरी तरह जाम रहा. महिला आईटीआई की छात्राओं की समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए आखिरकार बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगे आया और छात्राओं के साथ सड़क पर आकर प्रदर्शन किया.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ज्योति पंकज चतुर्वेदी पूर्व में मेरा नाम ज्योति कुमारी था विवाह के पश्चात मेरा नाम ज्योति पंकज चतुर्वेदी हो गया है। अब मुझे मेरे नये नाम ज्योति पंकज चतुर्वेदी पत्नि पंकज चतुर्वेदी निवासी: मकान नं. 05, रघुनाथ नगर, शाहपुरा पुलिस स्टेशन के पास, बावड़िया कलां, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. 462039 के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार हरिनखेड़े था जिसे बदलकर जितेन्द्र हरिनखेड़े कर दिया है। मुझे JITENDRA HARINKHEDE S/O GENDLAL HARINKHEDE नाम से जाना व पहचाना जाएं।
सही: जितेन्द्र हरिनखेड़े
वार्ड नं. 25, मार्डीकर गली,
प्रेम नगर, बालाघाट

# खेत तालाब निर्माण में धांधली ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

▸ तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य को नोटिस

**बेगमगंज, 7 जनवरी. जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भूरेरू में जल गंगा अभियान के तहत खेत तालाब के निर्माण में वित्तीय अनियमितताएं बरतने पर जिला पंचायत सीईओ मनोज उपाध्याय द्वारा ग्राम पंचायत भूरेरू के पंचायत सचिव कमलेश विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय बेगमगंज जनपद पंचायत कार्यालय नियत किया गया है. साथ ही तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है.**

इनके साथ ही बेगमगंज जनपद पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा लवकेश जसईवाल, तत्कालीन उपयंत्री/प्रभारी सहा.यंत्री जागृति उइके, उपयंत्री मनरेगा रामलाल मंडरई, सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा सावन श्रीवास, ग्राम रोजगार सहायक दीपक अवस्थी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है. संबंधितों को 19 जनवरी 2026 तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं.

# इंटर्नशिप, फील्डवर्क से शीघ्र रोजगार संभव

▸ बाबूलाल गौर महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

**भोपाल, 7 जनवरी. बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल में पद्मा श्रीवास्तव ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर द्वारा इस वर्ष के छात्रा छात्राओं को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए. विद्यार्थियों को यह प्रमाण पत्र उच्च शिक्षा के सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक डॉ. वीएस सिंह ने दिए.**

इसमें नूतन कॉलेज, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज, एमवीएम कॉलेज और हमीदिया कॉलेज के विद्यार्थियों ने सहभागिता की. इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि इंटर्नशिप



और फील्डवर्क प्रोजेक्ट में कार्य करने वालों को शीघ्र रोजगार मिलने की संभावना रहती है, क्योंकि इन विद्यार्थियों को विषय का व्यवहारिक ज्ञान होता है. प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, यह डॉ. पद्मा श्रीवास्तव ने अपने रिसर्च और ट्रेनिंग सेंटर से साबित कर दिया.

इस अवसर पर आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव एवं जूलाजी विभागाध्यक्ष डॉ. चारुलता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं. जनभागीदारी समिति सदस्य तेजसिंह ठाकुर ने भेल कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी इस रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर से जुड़ने की सलाह दी.

**PUBLIC NOTICE**

THIS IS TO INFORM THE GENERAL PUBLIC THAT POSSESSION BOOKLET PERTAINING TO MY PROPERTY 220, 2ND FLOOR (SIDDHI), MEHRAULI, GHAZIABAD ON 02 AUG 2025 AT SULTANIA LINES, BHOPAL(MP), HAS BEEN LOST DURING TRANSIT FROM DELHI TO BHOPAL. IF ANYONE FINDS DOCUMENTS TO KINDLY INTIMATE AT MY CONTACT: 7042407077 (ARVIND CHAUHAN) OR SUBMIT IN NEAREST POLICE STATION. A POLICE COMPLAINT REGARDING THE LOSS HAS BEEN LODGED.

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा**

क्रमांक/औषधि भंडार/25-26/09 विदिशा, दिनांक 1/1/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में अनुपयोगी कंडम सामग्री (फर्नीचर एवं उपकरण) के विक्रय हेतु एम.पी. टेंडर के माध्यम से ऑनलाइन खुली निविदा आमंत्रित की जाना हैं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध अनुपयोगी कंडम सामग्री (फर्नीचर एवं उपकरण) के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय/ जमा करने की प्रारंभ तिथि | 9/1/2026 |
| 2. | प्री-बिड मीटिंग | 16/1/2026 दोपहर 12 बजे |
| 3. | निविदा फार्म ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि | 23/1/2026 |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 24/1/2026 |

(डॉ. रामहित कुमार)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला विदिशा
G24055/25

वन्यजीव संरक्षण

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-भारत में मप्र सबसे अधिक टाइगर वाला राज्य

# टाइगर कॉरिडोर पर खर्च होंगे 5 हजार करोड़ रुपये

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 7 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत में मध्यप्रदेश सबसे अधिक टाइगर वाला राज्य है. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक टाइगर रिजर्व भी हैं. मप्र में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं.**

ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वन्यजीव पर्यटन स्थलों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है. इसे टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर नाम दिया गया है. राज्य सरकार वन्यजीवों और पर्यटन को प्रोत्साहन दे रही है. टाइगर रिजर्व पेंच से कान्हा, कान्हा से बांधवगढ़ और बांधवगढ़ से पन्ना को परस्पर जोड़ने वाली सड़कों की लम्बाई 625 किलोमीटर होगी. मार्गों के उन्नयन और विकास पर 5 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिल रही हैं. श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद यह क्षेत्र वन्यप्राणी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. मध्यप्रदेश सहित पड़ोसी राज्य राजस्थान



और उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे मध्यप्रदेश को निरंतर महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के माध्यम से मध्यप्रदेश को राजमार्गों की सौगात मिली है. मध्यप्रदेश में ग्वालियर, भिंड, श्योपुर सहित चंबल पूरे बेल्ट को अटल प्रगति पथ का लाभ मिलेगा. यह चंबल क्षेत्र को उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने के लिए अत्यंत कारगर सिद्ध होगा. अटल प्रगति पथ के निर्माण से क्षेत्र में सभी प्रकार के उद्योगों और पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल प्रगति पथ की लागत लगभग 12 हजार करोड़ है.

### आज वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 8 जनवरी को गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय वस्त्र मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल होंगे. साथ ही असम राज्य के साथ वन्य जीवों के आदान-प्रदान पर भी चर्चा होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश और असम राज्य के बीच पूर्व में वन्यजीवों के आदान-प्रदान पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ था.

**कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल**
ई-मेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन- 0755-2767635, फैक्स- 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक 1194/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 2/1/2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं. निविदा प्रपत्र दिनांक 23/1/2026 को 17.30 बजे तक क्रय/ डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं. निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है.

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_472819 | कान्याखेड़ी सिंचाई परियोजना, आष्टा परियोजना के डूब क्षेत्र में आ रही MPPTCL की 220KV एवं 132KV विद्युत ट्रांसमिशन लाइंस की शिफ्टिंग एवं मॉडिफिकेशन का कार्य. | सीहोर | 1660.25 |
| 2. | 2026_WRD_472821 | मल्हारगढ़ दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को बिजली आपूर्ति के लिए 132 के.व्ही. एस/एस मल्हारगढ़ से 21.243 कि.मी. की 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन का निर्माण और 132 के.व्ही. सब स्टेशन मल्हारगढ़ में 01 नग 132 के.व्ही. फीडर बे का निर्माण कार्य. | मंदसौर | 1506.09 |

G24045/25
मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)